>

Title: Need to expedite construction of railway projects in Palamu Parliamentary Constituency, Jharkhand-laid.

विष्णु दयाल राम (पलामू): मैं आपका ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के अंतर्गत दो रेल परियोजनाओं के लंबित रहने के कारण उस क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ।

एक परियोजना गया- शेरघाटी इमामगंज-डालटेनगंज रेलवे लाइन के निर्माण से संबंधित है और दूसरी परियोजना चिरिमिरी अंबिकापुर तक रेल लाइन निर्माण से संबंधित है । दोनों रेल परियोजना में एक समानता है और वह है कई किलोमीटर तक दोनों परियोजनाओं में रेलवे लाइन का निर्माण हो चुका है ।

इन दोनों रेल परियोजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च भी हो चुके हैं परंतु वर्षों से उस पर कार्य होना बंद हो गया है ।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि इन दोनों रेल परियोजनाओं का पूर्ण कराने का कार्य करें जिससे न केवल मेरे क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी बल्कि बिहार एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के संबंधित जिलों के निवासियों को भी सुविधा होगी ।